

# दूसरे दिन भी जारी रही नपा की अतिक्रमण पर कार्रवाई

## दो जेसीबी मशीनों और पांच ट्रेक्टरों की मदद से हटाया अतिक्रमण, कार्रवाई से स्टेशन रोड एवं इंद्रा पार्क हुआ चौड़ा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरपालिका कटीबद्ध है, जिसके चलते नगरपालिका की टीम द्वारा दूसरे भी शहर में अतिक्रमण हटाया गया, इस दौरान नपा अमले ने दो जेसीबीयों की मद्द से शहर के स्टेशन रोड़, और इंद्रा पार्क रोड़ का अतिक्रमण हटाया। तो वहीं अतिक्रमण की कार्रवाई होते देख कुछ दुकानदारों द्वारा स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया गया या फिर उसे तोड़ दिया गया। वहीं बुधवार को प्रशासन की कार्रवाई देखने को लिए बड़ी संख्या में शहरवासियों को हुजूम एकत्रित हो गया, जिसे पुलिस बल द्वारा बार बार हटाया गया। दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में नगरपालिका द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ, सुंदर एवं यातायात व्यवस्था सुगम हो सके, इसके लिए गांधी पार्क से तुलसी पार्क स्टेशन रोड तथा गांधी से इंदिरा पार्क तक सड़क किनारे किये गये अतिक्रमण एवं दुकानों के बाहर लगे शेड निर्माण को हटाया गया। यहां गौर करने वाली बात ये है कि पहले दिन कार्रवाई की तुलना में दूसरे दिन कार्रवाई को देख लोग तरह तरह की बाते करते नजर आए। तो वहीं कार्रवाई देखने शहरवासी एकत्रित हो गये, जिन्हे बमुश्किल हटाया गया।





### नपाध्यक्ष के साथ कलेक्टर ने किया निरीक्षणः

कार्रवाई से पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह ने नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित राजस्व, पुलिस एवं नपा अधिकारियों के साथ स्टेशन रोड़ का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण उपरांत अधिकारियों को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, कोतवाली थाना प्रभारी रविप्रताप चौहान, थाना विभाग संतोष शर्मा सहित अन्य राजस्व, पुलिस और



नगरपालिका अमला मौजूद रहा।

### दुकानदारों ने स्वयं हटाया अतिक्रमणः

शहर के हद्य स्थल गांधी पार्क पर अतिक्रमण हटाने के लिए जैसे ही प्रशासनिक अमला एकत्रित हुआ तो उसे देखकर और लगातार हो रहे एनाउंसमेंट को सुनकर कई दुकानदारों द्वारा स्वयं ही अपने शैड़ हटाने के साथ ही अपना सामान अंदर किया। इसके अलावा जिन दुकानदारों ने नाली से आगे पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था, उसे वह स्वयं ही हटाते हुए और निकलते हुए नजर आए।

# रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की मांग

**पुलिस अधीक्षक को लिखा गया पत्र**

**112 वाहन प्वांइट व जीआरपी चौकी की मांग**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** रेलवे स्टेशन पर लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और यात्रियों में व्याप्त भय को लेकर यात्री सेवा संगठन मध्य प्रदेश के प्रतिनिधि एवं के जेडआरयूसीसी के सदस्य सुनील आचार्य ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ई-मेल के माध्यम से गंभीर चिंता व्यक्त की है। पत्र में बताया गया है कि मुंगावली रेलवे स्टेशन पर 112 पुलिस वाहन का स्थायी प्वाइंट बनाया जाए, रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान के समय पुलिस जवानों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, साथ ही जीआरपी पुलिस चौकी को स्थाई रूप से स्टेशन पर स्थापित किया जाए। पत्र में उल्लेख किया है कि रेलवे स्टेशन पर यात्री, विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग, भय के साये में आवागमन करने को मजबूर हैं। आए दिन यात्रियों के साथ अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। वहीं उन्होंने घटनाओं को लेकर वे पहले ही रेल बोर्ड के अध्यक्ष से लेकर रेल महाप्रबंधक तक पत्राचार कर चुके हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। हाल ही में स्टेशन परिसर के समीप घटित घटनाओं से यात्रियों में दहशत का माहौल और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसी और अप्रिय घटना के घटित होने से पहले तत्काल प्रभाव से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि यात्रियों का रेलवे पर विश्वास पुनः बहाल हो सके।

**प्रतिदिन हजारों यात्री करते है सफरः**

नगर के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री यात्रा करते है,जिनमें महिलाओं सहित बच्चे भी सफर करते है रेलवे स्टेशन पर पुलिस सुरक्षा नहीं होने से आसाजामिक तत्व शराब के नशे में गाली गलौच जैसी घटनाएं करते रहते है जिससे यात्रियों में भय का माहौल बना रहता है। सबसे ज्यादा समस्या रात में सफर करने वाले यात्रियों को होती है ओर वह रेलवे स्टेशन पर आशय महसूह करते है और उनकी सुनने वाला कोई नहीं होता। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा नहीं होने से ऐसे लोगों का मनोवल भी बढ़ गया है और स्टेशन पर यह घटनाएं आम बात हो गई है अब देखना यह होगा कि इस गंभीर मामले में प्रशासन को कदम उठाता है या नहीं।

## एक नजर में



### अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन पुरूष ओपन क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न

**अशोकनगर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान बुधवार को स्थानीय संजय स्टेडियम में पुरूष सीनीयर ओपन क्रिकेट चयन ट्रायल आयोजित की गई। इस ट्रायल के समय अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष जजपाल सिहं जज्जी, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन एवं अरूण रघुवंशी सचिव एडीसीए सहित खिलाडी उपस्थित रहे और पदाधिकारियों ने खिलाडियों का मार्गदर्शन किया। ट्रायल में पुरूष सीनियर ओपन क्रिकेट टीम अशोकनगर हेतु खिलाडियों का चयन किया गया। चयन में कान्हा शर्मा, अमित बंजारा, देवांश धाकड, कार्तिक योगी, नौशाद कुरैशी, रंजीत शाक्य, साजिद खान, अमीर खान, पंकज रघुवंशी, देव ओझा, तनुज सेन, विशाल लोधी, कान्हा शर्मा, विनोद जाटव, लोकेन्द्र शर्मा, अपूर्व चटर्जी, ऋषि तिवारी के चयनित होने पर अध्यक्ष एडीसीए जजपाल सिंह जज्जी द्वारा बधाई देते हुए भविष्य के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

### नो मेपिंग वाले मतदाताओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा मंगलवार को गूगट मीट के माध्यम से नो मेपिंग वाले मतदाताओं को ईआरओ,एईआरओ द्वारा जारी नोटिस की सुनवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ईआरओ तथा एईआरओ की नो मेपिंग सुनवाई के अंतर्गत की गई कार्यवाही के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित मतदाताओं को नो मेंपिग मतदाताओ के लिए शत प्रतिशत नोटिस तामीली कराई जाए। जिससे मतदाता द्वारा समय पर सुनवाई के लिए निर्धारित दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित हो सके। साथ ही दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य निर्धारित प्रक्रिया के साथ किया जाना सुनिश्चित करें।

### विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन की नवीन शैक्षिक संकल्पना के अंतर्गत प्रदेश के उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में कक्षा 9वीं की 240 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

## हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने कहा काम के लिए नहीं मिल रहीं किट, न लग रही हाजरी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ पिपरई।** कस्बे के पुरानी नगर परिषद चौराह पर सफाई कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा और तहसीलदार एके गौतम, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल यादव हड़ताल स्थल पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों से बात की, जहां उनकी मांगों को सुना एवं कुछ मांगो पर सहमति बनती देखी गई। लेकिन हड़ताल जारी रही। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि जो एक माह की वेतन रुकी है, उसको हम जल्दी ही जनवरी माह के खत्म होने से पहले डाल देंगे। हर माह के वेतन की तारीख भी निर्धारित करते हैं कि महीने की एक तारीख से दस तारीख तक वेतन डालने का प्रयास करेंगे। साथ ही ईपीएफ के लिए हम जिला कलेक्टर को लेटर लिख कर भेजेंगे वहां से जो निर्देश मिलेगा उससे आप लोगों को अवगत कराएंगे। वहीं दीपावली के पहले ही हमने आप लोगों की वेतन 4500-5500 से बड़ा कर 8000 रुपए की थी। वहीं उन्होंने बैठ कर सभी समस्याओं का हल निकालेंगे की बात कही। लेकिन इसके बाद भी सफाई कर्मचारी हड़ताल जारी रखे हे।




**कर्मचारियों ने कहा न लग रही हाजरी और न ही मिल रहीं किटः**

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों में से सफाई कर्मी संजीव उतावलिया ने बताया कि अभी तक हम काम कर रहे हैं। कल कोई दुर्घटना घट जाए ओर कोई क्षति होती हे। तो उसके बच्चे अनाथ हो जाएंगे। हम पर किया सबूत हे कि हम नगर परिषद के कर्मचारी हैं। अभी हाल में ही एक नगर परिषद कर्मचारी की मौत हो गई उसको किया मिला। हमारे दो कर्मचारी पौधा रोपण का कार्यक्रम में टैक्टर-ट्राली पर से गिर गए थे। तो किसी ने उनको इलाज तक नहीं कराया था। कल अगर मर गए तो उनके बच्चों का किया होगा। वहीं शुभम उतवलिया ने बताया कि हमारे स्टाफ में से 17 महिलाओं की ई अटेंडेंस नहीं लग रही पहले लगती थी अब नहीं लग रही हमको कुछ बताया ही नहीं जाता। पूछने पर कहते हे टेक्नीशियन इशू हे। वहीं प्रदीप ने कहा कि सीएमओ साहब ने अभी कुछ माह पहले भी कहा था कि हम ईपीएफ के लिए कलेक्टर को लेटर लिख रहे हे। पर आज तक कुछ नहीं हुआ। हमें लिख कर क्यों नहीं दे रहे की हम आपकी मांगे स्वीकृत कर रहे हैं। इसके अलावा महिला कर्मी सावो बाल्मीक ने कहा कि नप में सफाई कर्मचारियों को किट और सामान के लिए वार्षिक बजट आता है, हमारे लिए कुछ भी सामान नहीं दिया जाता है। जबकि जानवर मर जाए तो हम उठा के फेंकते है। वहीं जाम नालियों की सफाई करते है, लेकिन काम के लिए कोई सामान नहीं है, आखिर यह बजट कहा खर्च किया जा रहा है।




# पुलिस गिरफ्त में आया फरार वारंटी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्थाई एवं गिरफ्तारी वारण्टों की तामीली हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में नईसरांय पुलिस द्वारा 4 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि जेएमएफसी न्यायालय अशोकनगर के प्र.क्र 913/21 एवं थाना नईसरांय के अप. क्र 87/21 धारा 354, 454 भादवि में न्यायालय द्वारा आरोपी दिलीप पुत्र केदार सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम अमरोद सद्दू हाल निवासी पीथमपुर जिला धार मध्यप्रदेश का स्थाई वारंट जारी किया था। प्रकरण की गंभीरता एवं स्थाई वारंटी तामीली अभियान के तहत थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर द्वारा नईसरांय पुलिस की टीम गठित कर रवाना की गई। टीम द्वारा आरोपी स्थाई वारंटी की तलाश की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया है।

# नायक को मिला विक्रमादित्य सारस्वत सम्मान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विक्रमादित्य शोध पीठ सभागार उज्जैन में आयोजित सुमिरन के अंतर्गत कार्यक्रम में पद्मश्री विष्णु श्रीधर वाकणकर की जीवन यात्रा पर उनके द्वारा छोड़ी गई स्मृतियों को एकत्रित करने के उद्देश्य से महाराज विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षक ज्योतिष एवं काल गणना के क्षेत्र में योगदान को विशेष कर समय का भारतीयकरण किए जाने की मांग पर वरिष्ठ ज्योतिष एवं लेखक अनुसंधान करता पंडित कैलाशपति नायक को सम्राट विक्रमादित्य सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज , मुख्य वक्ता डॉ. आरसी ठाकुर, निदेशक अश्वनी शोध संस्थान, डॉ विश्वजीत सिंह परमार सहित विभिन्न शोधार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# बीड सरकार में बच्चों को किये वस्त्र वितरित

**पुलिस प्रशासन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी**

**कपड़े पाकर खुश नजर आए जरूरतमंद बच्चे**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। ग्राम बीड सरकार में पुलिस प्रशासन की ओर से सामाजिक सरोकार के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस मौके पर एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान एसडीओपी सनम बी. खान ने बच्चों को वस्त्र वितरित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को सहयोग और प्रोत्साहन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। एसडीओपी खान ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने और अनुशासन में रहने की सीख दी। इस अवसर पर रीडर एसडीओपी मुंगावली एएसआई सुमरन कुड़ापे एवं आरक्षक ओपेन्द्र गुर्जर उपस्थित रहे। सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों को स्नेहपूर्वक वस्त्र वितरित किए और उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों को संबल मिलता है आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भी सहयोग रहा।



**बैठक** | **कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

# कमजोर बच्चों के लिए लगाई जाए स्मार्ट क्लास : आदित्य सिंह

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा कक्षा 10 वीं तथा कक्षा 12 वीं के पिछले वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम तथा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के छः माही परीक्षा परिणाम की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने परीक्षा परिणाम के कम प्रतिशत वाले स्कूलों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वार्षिक परीक्षा परिणामों में बेहतर सुधार हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनायें, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में नये भविष्य को सवार सके। वहीं कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का पूर्ण रूप से निर्वहन करें तथा शैक्षणिक मूल्याकंन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता,स्कूलों में सभी विषयों के पाठ्यक्रम की स्थिति,कमजोर बच्चों की प्लांनिग तथा बच्चों की शाला में उपस्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्हो्ंने कहा कि कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की अंक सूची का काफी महत्वपूर्ण होती है। अंकसूची के माध्यम से शासकीय योजनाओं सहित बच्चों के भविष्य की पढ़ाई भी निर्भर होती है। उन्होंने विषयवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे स्कूलों जिनमें विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता है, वहां पर शिक्षकों को पदस्थ किया जाए। उन्होंने परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अंग्रेजी तथा गणित विषय पर विशेष जोर देकर ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त बीईओ अपने-अपने स्तर पर साप्ताहिक समाक्षी बैठक का आयोजन कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक गुणवत्ता् की सतत मॉनीटरिंग करें। बैठक में जिप सीईओ राजेश जैन, डीईओ सीएस सिसोदिया आदि मौजूद रहे।




### प्राकृतिक आपदाओं के समय सतर्क रहने, सुरक्षा के उपाय के लिये दिये जा रहे गांव-गांव प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** जिले में सामाजिक संस्था श्री राजेन्द्र सुरीश्वर शिक्षा प्रसार समिति द्वारा जिला प्रशासन अशोकनगर एवं आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के सहयोग से समुदाय आधारित जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण के लिए जिले के विकास खण्ड अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी के 20-20 ग्रामों एवं कुछ शहरी क्षेत्र के वार्डों का चयन किया गया है। जिले के मुंगावली विकास खण्ड की विभिन्न पंचयातों के ग्रामों एवं पंचायतों में प्रशिक्षण दिया गया, बचाव दल गठन किया गया। जिसमें प्रशिक्षण कर्ता सत्यप्रकाश सोनी द्वारा बाढ़ आने पर हमें किस प्रकार सावधानी बरतकर अपने परिवार को आपदा से बचाना चाहिये। बाढ़ की स्थिति में हमें ऊंचे स्थानों पर चले जाना चाहिये। आकाशीय बिजली से बचने के लिये पेड़ों के नीचे खड़े नहीं होना चाहिये। बहते हुये पानी में कार नहीं चलाना चाहिये। मौसम विभाग की जानकारी से टीव्ही एवं मोबाइल से जुड़े रहना चाहिये। बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों में आपदा के समय जैसे बाढ़, आगजनी, भूकम्प, आकाशीय बिजली जैसी आपदाओं पर लोगों को जानमाल की सुरक्षा के उपाय बताये गये।

